छम छम नाचे घोडा सांवरे सजन का

छम छम नाचे घोडा सांवरे सजन का
लगता है मुझे ये दीवाना है भजन का

भजनो के राज को लीला पहचाने
स्वामी से मिलन का भेद सारा जाने
भजनों के बिन क्या मोल जीवन का
छम छम...

जुड़ता है मन जब प्रभु के भजन से
जुड़ता है तार सीधा प्रभु के चरण से
खींचा चला आये श्याम पक्का है वचन का
छम छम...

भजनों की गंगा बहे डुबकी लगा ले
डुबकी लगाके प्यार सांवरिया का पा ले
यही है तरीका तेरे प्रभु से मिलन का
छम छम...

जप तप ज्ञानी योगी वेद सारे बोले
करले भजन विरथा मत डोले
यही है ठिकाना 'नंदू' मनमोहन का
छम छम...

स्वर : नंदू जी महाराज

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/868/title/cham-cham-nache-ghoda-sanwre-sajan-ka-khatu-bhajan-by-Nandu-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |